वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 23 अक्तूबर 2023

-: प्रेस विज्ञप्ति: -

तमिलनाडु में क्रिकेट मैच के दौरान तिरंगे का अपमान निंदनीय: अभाविप

डीएमके सरकार राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर मांगे माफी: अभाविप

तिरंगे के अपमान करने हेतु तमिलनाडु पुलिस के विरुद्ध जल्द सुनिश्चित हो कार्रवाई: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चेपौक स्थित क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रध्वज तिरंगे को कूड़ेदान में फेंकने की घटना की निंदा करती है। क्रिकेट मैच के दौरान दर्शकों से भारत के राष्ट्रीय ध्वज को डीएमके से संबंध अशोक सिगमनी के नेतृत्व में तमिलनाडु पुलिस तथा TNCA द्वारा कूड़ेदान में फेकने का कृत्य भारतीय तिरंगे की गरिमा को अपमानित करने वाला है। डीएमके सरकार को इस कुत्सित कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा तमिलनाडु पुलिस के इस घटना में शामिल जवानों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जानी चाहिए।

आज तमिलनाडु पुलिस द्वारा किया गया भारतीय तिरंगे के प्रति यह अपमानजनक कृत्य पाकिस्तान में पूर्व में हुए भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के अपमान जैसा प्रतीत होता है, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज ऐसा ही हमें अपनी भारतीय भूमि पर ही देखना पड़ा है। किसी भी राष्ट्र का राष्ट्रीय ध्वज उस राष्ट्र की संप्रभुता एवं स्वाभिमान का प्रतीक होता है। अतः कोई भी ऐसा कृत्य जो हमारी भारतीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला हो वह किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के हुए अपमान को बिल्कुल भी सामान्य ढंग से नहीं लेना चाहिए। भारतीय तिरंगे का भारतीय भूमि पर इस तरह का अपमान बहुत शर्मनाक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय तिरंगे के पवित्रता एवं सम्मान को बनाए रखने हेतु कटिबद्ध है, हम सभी देशवासियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे कुत्सित कृत्यों से भारतीयता को ठेस न पहुंचे। अभाविप, डीएमके के पदाधिकारियों से इस कृत्य पर भारत के लोगों से माफी मांगने तथा तमिलनाडु पुलिस पर त्वरित रूप से दंडात्मक एवं विधिक कार्रवाई हेतु मांग करती है। अभाविप, सभी नागरिकों से इस तरह के लोमहर्षक कृत्य से भारतीय भावना को न्याय दिलाने तथा भारतीय तिरंगे की पवित्रता को बचाने हेतु आह्वान करती है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गई है।)